दिनांक 18.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

अमृत मिशन, लोकसुराज, एन.यू.एल.एम एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रगति की समीक्षा आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने की

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान, ने अधीक्षण अभियंता द्वय श्री सतेन्द्र सिंह एवं आर0के0 साहू सभी जोन के जोन आयुक्त, सहायक अभियंता, उप अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्व अधिकारी सभी विभाग प्रमुख एवं जोन में पदस्थ सहायक राजस्व अधिकारी एवं नोडल अधिकारी एवं कार्य करने वाली एजेंसी के कर्मचारियों तथा जिले के खाद्य विभाग के अधिकारी के साथ निगम सभागार में समीक्षा बैठक ली तथा केन्द्र एवं राज्य सरकार के योजनाएॅ सहित निगम क्षेत्र के अन्तर्गत वार्डो मे चल रहे विकास कार्यो के प्रगति से अवगत हुए। तथा मुख्य रूप से अमृत मिशन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित सूक्ष्म रूप से किये जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने अमृत मिशन योजना के अन्तर्गत निगम क्षेत्र में निर्माण हो रहे पानी टंकियों के प्रगति की जानकारी लेते हुए नवीन पाईप लाईन बिछाये जाने के कार्य से अवगत हुए। तथा संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि, कार्य में तेजी लाये तथा गुणवत्ता बनाये रखने के साथ–साथ निर्माणधीन स्थलों का निरीक्षण स्वयं करें तथा ठेकेदार को समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ''मोर जमीन मोर मकान'' के अन्तर्गत निर्माणधीन आवासों के पूर्ण आवास, निर्माणधीन एवं शेष आवास तथा आवासों में विद्युत, पानी सहित अन्य आवश्यक बिन्दुओं के संबंध में जानकारी संबंधित नोड़ल अधिकारी ने आयुक्त महोदय को दी। आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने इस योजना के संबंध में शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरुप कार्य करने के निर्देश दिये गये।

जन सम्पर्क अधिकारी